NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष: 05, अंक:-95, पृष्ठ: 12 | शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

### 1,200 करोड़ के बैंक फ्रॉड का खुलासा
# कोलकाता में ईडी की रेड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने लगभग 1,200 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी अधिकारियों ने बताया कि यह छापे एक ज्वैलरी कंपनी के कथित तौर पर फर्जी लोन हासिल करने की जांच से जुड़े हैं।

ईडी की टीमों ने ज्वैलरी कंपनी के मालिकों, शीर्ष अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासों पर तलाशी ली। एजेंसी का कहना है कि इन छापों का मकसद इस धोखाधड़ी से संबंधित महत्वपूर्ण सबूत जुटाना है।

ईडी अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कोलकाता के गिरीश पार्क इलाके में स्थित एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के आवास पर भी तलाशी जारी है। सीए पर आरोप है कि उसने ज्वैलरी कंपनी को फर्जी कंपनियों और दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन हासिल करने में मदद की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ये छापे हमारी उन कोशिशों का हिस्सा हैं, जिसके तहत हम वित्तीय अनियमितताओं को खत्म करने और बैंकिंग सिस्टम का दुरुपयोग करने वालों को जवाबदेह ठहराने का प्रयास कर रहे हैं।

ईडी के मुताबिक, इस धोखाधड़ी में कम से कम 25 बैंकिंग संस्थान शामिल रहे, जिनसे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बड़े पैमाने पर लोन लिए गए। ज्वैलरी कंपनी के प्रबंधन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी कंपनियों का जाल बिछाकर बैंकिंग सिस्टम को धोखा दिया और बिना सुरक्षा के लोन के रूप में भारी रकम हड़प ली।

अधिकारियों के मुताबिक कंपनी के अधिकारियों ने वित्तीय प्रणाली को गुमराह करने के लिए जटिल तरीके अपनाए। उन्होंने नकली कंपनियां बनाकर करोड़ों रुपये के लोन लिए और फिर उस पैसे को विभिन्न खातों में घुमाकर गायब कर दिया।



## मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर सैफई में साथ आया पूरा कुनबा

**सैफई।** सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सैफई स्थित समाधि स्थल पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिवार के सदस्यों के साथ समाधि स्थल पहुंचकर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर नेताजी को नमन किया।

सुबह करीब 10:30 बजे सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, अभयराम सिंह यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव, सांसद अक्षय यादव, सांसद आदित्य यादव, अनुराग यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक (अंशुल) यादव, आर्यन यादव और कार्तिकेय यादव सहित परिवार के अन्य सदस्य पहुंचे। सभी ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## 7.6 तीव्रता के भूकंप के झटके से हिला फिलीपींस, सुनामी की चेतावनी





**फिलीपींस।** भूकंप के झटके पिछले कुछ दिनों से कई देशों में आ रहे हैं। भूकंप विज्ञानियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह दक्षिणी फिलीपींस में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया। होनोलूलू स्थित प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से समुद्र में 300 किलोमीटर के दायरे में खतरनाक लहरें उठने की संभावना है। हालांकि, सुनामी का कोई बड़ा खतरा नहीं है।

भूकंप की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि घर और दुकानें किसी पेड़ की तरह हिलते हुए दिखाई दिए। दुकानों में रखा सारा सामान नीचे गिर गया। भूकंप के झटकों के चलते फिश एक्विरियम से पानी नीचे गिरता हुआ साफ दिख रहा है। लोगों में दहशत का माहौल हो गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मॉलॉजी ने इस भूकंप को लेकर अधिक जानकारी दी है। एनसीएस ने बताया कि फिलीपींस के मिंडानाओ क्षेत्र में ये भूकंप आया है। इस भूकंप का केंद्र 50 किलोमीटर की गहराई पर रहा है। हालांकि, एनसीएस ने भूकंप की तीव्रता 7.3 रिक्टर स्केल बताई है।

## जुबीन गर्ग मौत मामला, सिंगर के दो सिक्योरिटी ऑफिसर गिरफ्तार: अबतक 7 अरेस्ट

**दिसपुर।** असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की संदिग्ध मौत मामले में उनके दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दोनों का नाम नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य है, जो लंबे समय से जुबीन गर्ग के सिक्योरिटी ऑफिसर थे। पुलिस ने दोनों को उनके बैंक अकाउंट से पिछले चार-पांच सालों के दौरान 1 करोड़ से ज्यादा के लेन-देन के मामले में गिरफ्तार किया है। इनमें से 70 लाख बोरा और 40 लाख बैश्य के खाते में आए थे। दोनों अफसरों को पहले ही सस्पेंड कर दिया गया था। सिंगर की मौत मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इनमें जुबीन के चचेरे भाई और डीसपी संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, सह गायिका अमृतप्रभा महंत, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकनु महंत, बैंड के ड्रम मास्टर शेखर ज्योति गोस्वामी शामिल हैं।



# तेज धमाके से बिखर गया पूरा मकान

## अयोध्या में तीन बच्चों सहित पांच की मौत, सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश

**अयोध्या।** हनुमत नगर में तेज धमाके के साथ बृहस्पतिवार देर शाम 7.30 बजे मकान गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन बच्चे, उनके पिता और एक मजदूर शामिल हैं। बचाव कार्य जारी है। लेकिन मलबे में अन्य कोई घायल नहीं मिला है। पटाखा या रसोई गैस सिलिंडर से धमाके की आशंका जताते हुए पुलिस जांच में जुटी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ₹अयोध्या में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं प्रभु श्री राम से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें, शोकाकुल परिवारों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

पूरा कलंदर क्षेत्र के पगलाभारी गांव में जोरदार धमाके की आवाज के साथ रामकुमार गुप्त उर्फ पारसनाथ का मकान गिर गया। वह मकान में आटा चक्की का भी संचालन करते थे। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ देर में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी और सीओ अयोध्या भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए।

पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू करते हुए मलबे में दबे गृह स्वामी रामकुमार गुप्त, उनकी बेटी ईशा (10), पुत्र लव (7), यश (5) के साथ ही मजदूर रामसजीवन को बाहर निकाला। सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पांचों घायलों में से चार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यश ने अस्पताल में ही दम तोड़ा। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने धमाके में पांच मौतों की पुष्टि की है। डीएम के अनुसार, देर रात घटनास्थल से मलबा हटा लिया गया है। उसमें कोई घायल नहीं मिला है। मौके से कोई विस्फोटक भी नहीं पाया गया है। प्रथम दृष्टया कुकर या रसोई गैस सिलिंडर से धमाका होने की आशंका है।

घटनास्थल पर रसोई गैस की बदबू आ रही थी। मौके से फटा हुआ कुकर और सिलिंडर भी मिला है। मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका के चलते डॉग और बम स्वॉड के साथ देर रात 11 बजे तक जेसीबी की मदद से बचाव कार्य चलता रहा। इस बीच मलबे में कोई दबा नहीं मिला।

अयोध्या के भदरसा-भरतकुंड नगर पंचायत के पगलाभारी गांव के एक मकान में हुए धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गई। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मकान की एक-एक ईंट बिखर गई। देर रात तक मलबे की तलाश में पुलिस की टीम डॉग स्कवायड की मदद से जुटी रही। घटना के बाद पूरे गांव में अफरातफरी की स्थिति रही। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर देर रात तक डटी रही। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कैंप कर रखा है।

पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पगलाभारी गांव में पिछले साल भी रामकुमार गुप्त के घर पर विस्फोट हुआ था, जिसमें दो मंजिला मकान मलबे में तब्दील हो गया था। इस घटना में चक्की पर आटा लेने आई गांव की ही एक लड़की के साथ रामकुमार की मां और पत्नी की मौत हुई थी। घटना के बाद गांव की आक्रोशित महिलाओं ने अगले दिन विरोध प्रदर्शन किया था। गांव वाले बताते हैं कि इससे पहले भी तीन बार रामकुमार के घर पर विस्फोट हो चुका था। वर्ष 2024 में हुई घटना के बाद रामकुमार ने माना था कि वह पटाखे का कारोबार करता है।

## पप्पू यादव के नोटों से बढ़ा चुनावी तापमान, बाढ़ पीड़ितों में बांटा पैसा



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने आधिकारिक घोषणा कर दी है। पहले चरण में 6 अक्टूबर को मतदान होना है। इसी चरण में वैशाली जिले की आठ विधानसभा सीटों पर भी 6 अक्टूबर को वोटिंग होगी। चुनावी प्रक्रिया की शुरूआत के तहत शुक्रवार से नामांकन दाखिल होना शुरू हो जाएगा। इसी बीच चुनावी माहौल के बीच पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव शुक्रवार को बाढ़ पीड़ितों से मिलने वैशाली जिले के सहदेई प्रखंड के गनियारी गांव पहुंचे। यहां उन्होंने गंगा नदी के तेज कटाव से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की। वहीं, वैशाली में अचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर पप्पू यादव पर एफआईआर दर्ज हो गई है।

पप्पू यादव ने स्थानीय पदाधिकारियों को फोन भी लगाया और कटाव पीड़ितों की समस्याओं के समाधान का आग्रह किया। ग्रामीणों ने सांसद के सामने अपनी परेशानियां रखीं, जिस पर पप्पू यादव ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसी दौरान पप्पू यादव लोगों को आर्थिक सहायता के तौर पर 2000 से 3000 रुपये तक नकद राशि देते नजर आए, जिसकी तस्वीरें और वीडियो कैमरे में साफ तौर पर कैद हुई हैं। लिस्ट से नाम पढ़कर एक-एक कर लोगों को रुपये दिए जा रहे थे। इस मौके पर सांसद पप्पू यादव ने क्षेत्रीय सांसद चिराग पासवान और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां बड़े-बड़े नेता हैं जो टिकट के चक्कर में व्यस्त हैं, लेकिन कटाव पीड़ित परिवारों से मिलने का किसी को समय नहीं है। पप्पू यादव ने आगे बताया कि उन्होंने वैशाली जिलाधिकारी को फोन किया, लेकिन डीएम ने फोन रिसीव नहीं किया।

## डेनमार्क में 15 साल से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन

**कोपेनहेगेन।** डेनमार्क की सरकार ने बच्चों को बुरी लत से बचाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत सरकार ने 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने संसद में यह प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि ₹मोबाइल फोन और सोशल मीडिया हमारे बच्चों का बचपन को चुरा रहे हैं।₹ यह कदम बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य संकट, जैसे चिंता, अवसाद और एकाग्रता की कमी को देखते हुए उठाया गया है। डेनमार्क सरकार के फैसले के अनुसार 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू किया जाएगा। 13 से 15 वर्ष के बच्चों को सोशल मीडिया के उपयोग के लिए माता-पिता से अनुमति लेना जरूरी होगा। सरकार ने किन-किन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बैन किया है, उसका नाम नहीं लिया था। हालांकि विशेष प्लेटफॉर्मों का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन यह प्रतिबंध प्रमुख सोशल मीडिया नेटवर्कों पर लागू होगा।

## सीजफायर समझौते के बाद गाजा पर इजरायल का हमला, 30 की मौत

**येरूशलम।** सीएनएन ने एक फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारी के हवाले से बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना के तहत इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते पर सहमति बनने के बाद से गाजा में कम से कम 30 लोग मारे गए हैं। निवासियों ने विस्फोटों की सूचना दी थी। स्थानीय अल-शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सलमिया ने कहा कि सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार शाम से 30 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।



गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग ने कहा कि इजरायल के सैन्य हमले में उत्तरी गाजा के अल-सबरा इलाके में 40 से ज्यादा फिलिस्तीनी मलबे में दब गए। हालांकि, इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि हमला उत्तरी गाजा में ₹हमास आतंकवादी समूह₹ पर था जो ₹तत्काल खतरा₹ पैदा कर रहा था। सीएनएन ने बताया कि वह इजरायल रक्षा बलों के बयान की पुष्टि नहीं कर सकता है।

## त्योहारों पर खुफिया तंत्र और पुलिस रहे अलर्टः सीएम योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी पर्व-त्योहारों की तैयारियों और प्रदेश की कानून-व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस वर्ष की दीपावली स्वदेशी की भावना के साथ मनाई जाए। हर वर्ग का परिवार पर्व-त्योहारों पर कुछ न कुछ खरीदारी करता है और इस बार यह खरीदारी स्वदेशी उत्पादों की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ‖स्वदेशी हो दीपावली‖ केवल एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और सशक्त उत्तर प्रदेश की दिशा में सामूहिक संकल्प है मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सभी वरिष्ठ अधिकारी और जिला प्रशासन के पदाधिकारी धरातल पर उतरें। उन्होंने कहा कि गत माह दुर्गा पूजा, मिशन शक्ति और दशहरा जैसे बड़े आयोजन प्रशासन और पुलिस की कुशलता से संपन्न हुए हैं, जिसने उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ किया है। अब आगामी पर्व भी हमारी कार्यकुशलता और सजगता को सिद्ध करने का अवसर होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अराजक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के प्रति कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अक्टूबर और नवंबर माह में पूरे प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला होगी। इनमें नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज और लोकमहापर्व छठ का आयोजन प्रमुख हैं। ये पर्व मात्र नहीं, बल्कि हमारी लोक-संस्कृति और सामूहिक चेतना के स्पंदन हैं। हर जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि इन पर्वों का आयोजन शांति, सुरक्षा और उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो।



स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025


# टूंडला में भरभराकर ढही रेलवे पुल की शटरिंग

**5 मजदूर दबकर घायल, ठेकेदार मौके से भागा; मिट्टी गीली होने से हादसा**

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** रात दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर टूंडला में निर्माणाधीन रेलवे पुल पर बड़ा हादसा हो गया। लेंटर ढालने के लिए लगी शटरिंग अचानक भरभराकर गिर गई। इससे पुल के नीचे काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए।

कुछ ने मौके भागकर अपनी जान बचाई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ठेकेदार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया है। मलबे से 5 मजदूर निकाले गए हैं। इनमें दो की हालत गंभीर है। उन्हें निजी वाहन से एफएच मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

मौके पर अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आई। पहले टॉर्च की रोशनी में शटरिंग के नीचे मजदूरों को खोजा गया। हालांकि कुछ ही देर में लाइट का इंतजाम कर लिया गया। डीएम रमेश रंजन, एसएसपी सौरभ दीक्षित मौके पर पहुंचे। दो जेसीबी से



मलबा हटाया गया है।

हादसा टूंडला थाना क्षेत्र में कानपुर रोड पर अहाता शोभाराम फाटक पर हुआ। यहां से टुंडला रेलवे स्टेशन महज 500 मीटर की दूरी पर है। प्रत्यक्षदर्शी अशोक रावत के मुताबिक, गुरुवार की रात यहां 12 मजदूर काम में लगे थे। बीते दिनों की बारिश से पुल के नीचे मिट्टी गीली हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से शटरिंग के पिलर बैठ गए। अचानक शटरिंग भरभराकर ढह गई। हादसे के बाद मजदूर मौके से भागे, लेकिन 5 मजदूर कलुआ, जीतेंद्र, विकास, साहिल और समीर दब गए। रेस्क्यू टीम ने शटरिंग को हटाकर मजदूरों को बाहर निकाला।



हादसे की सूचना मिलते ही कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद, एडीएम विशु राजा, सीएफओ सत्येंद्र पांडे, रेलवे डिप्टी सीटीएम अमित आनंद, सीओ अमरीश कुमार, तहसीलदार राखी शर्मा और इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। स्थानीय निवासियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पर्याप्त पालन नहीं किया गया था।

## एएमयू में केरल के छात्र को बेल्ट से पीटा

**अलीगढ़** एनएनआई। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के वीएम हाल में गुरुवार को एक छात्र को बेल्टों से पीटा। गंभीर हालत में उसे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एएमयू प्रशासन ने आगरा निवासी आरोपित छात्र को निलंबित कर दिया है।

वीएम हाल में रहने वाले एमएससी के छात्र केरल निवासी नबील पी के अनुसार बुधवार सुबह लगभग पांच बजे पीजी डिप्लोमा का छात्र मो. जुहैब खान वीएम हाल के मुजम्मिल हॉस्टल एनेक्सी में आया। आते ही बहस करने लगा। तब तो छात्रों ने मामला शांत करा दिया। दोपहर बाद आरोपित छात्र ने नबील को बेल्टों से पीटा। उसकी पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें आईं। गंभीर हालत में उसे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। आरोपित हॉस्टल में वह अवैध रूप से रह रहा था। प्रॉक्टर प्रो. एम वसीम अली के अनुसार छात्र मो. जुबैब खान को निलंबित करते हुए जांच पूरी होने तक यूनिवर्सिटी में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## हत्या के दोषी पिता-पुत्र सहित तीन को आजीवन कारावास

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में 27 साल पुराने एक युवक की हत्या के मामले में न्यायालय ने गुरुवार को तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनमें एक पिता और उसका पुत्र शामिल हैं। यह घटना 11 जून 1998 को हुई थी।

मृतक ब्रह्मप्रकाश अपने पिता मेहताब सिंह के साथ तत्कालीन पर्यटन राज्यमंत्री अशोक यादव से मिलकर लौट रहे थे। रास्ते में निजामपुर गड़ूमा गांव के पास रामनरेश, उसके बेटे रिंकू और ज्ञानेश सहित अन्य लोगों ने उन्हें घेरकर फायरिंग शुरू कर दी थी। गोली लगने से ब्रह्मप्रकाश की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

ब्रह्मप्रकाश के पिता मेहताब सिंह ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवेचक ने जांच के बाद कुल नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई अपर सत्र




न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश कोर्ट संख्या-आठ के न्यायाधीश रमेश चंद्र द्वितीय की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी क्राइम अजय शर्मा ने पैरवी की। न्यायालय ने रामनरेश, रिंकू और ज्ञानेश को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है, जिसे अदा न करने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एडीजीसी अजय शर्मा ने बताया कि साक्ष्य के अभाव में चार अन्य आरोपितों को बरी कर दिया गया, जबकि दो आरोपितों की मामले की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई थी।

## आईजीआरएस में हाथरस पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी आईजीआरएस जनसुनवाई-समाधान पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में हाथरस पुलिस ने सितंबर माह में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह चौथी बार है जब हाथरस पुलिस ने यह उपलब्धि हासिल की है; इससे पहले जनवरी, जून और अगस्त माह में भी उन्हें शीर्ष स्थान मिला था।

पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा और अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आईजीआरएस संदर्भों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। इसका उद्देश्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना और थाने पर आने वाली शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्वक समाधान सुनिश्चित करना था।

इन निर्देशों के क्रम में, पुलिस ने सितंबर माह में प्राप्त पीजी संदर्भ, सीएम संदर्भ, ऑनलाइन और सीएम हेल्पलाइन संदर्भों सहित सभी शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया। निर्धारित समयावधि में आख्या पोर्टल पर अपलोड की गई, जिसके परिणामस्वरूप हाथरस को यह रैंकिंग मिली। आईजीआरएस रैंकिंग में सुधार के लिए, एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करने का निर्देश दिया था। सभी अधिकारियों ने प्रतिदिन घटनास्थल पर जाकर शिकायतों का समाधान किया और प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की तस्वीरें लोकेशन के साथ मंगाई गईं।

# दोनों किडनी खराब हैं, आज नहीं तो कल जाना है ही: प्रेमानंद

एनएनआई

**मथुरा।** बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे। उन्होंने प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लिया। इस दौरान संत के हाल के बारे में जानकारी ली। इस बातचीत का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें संत ने उनसे कहा कि दोनों किडनी फेल हैं। प्रेमानंद तो चला जाएगा, लेकिन राधा नाम हमेशा रहेगा। ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

एल्विश यादव ने केलि कुंज आश्रम पहुंचे। उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज के सामने बैठकर उनकी बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संत से उनके स्वास्थ्य के बारे में भी पूछा, जिस पर महाराज ने बड़ी सहजता से कहा कि 'अब शरीर कितना भी संभाल लो, जाना तो सबको ही है।' उनकी इस बात पर एल्विश भावुक हो गए और बोले कि वो अपने जीवन में संतों के मार्गदर्शन पर चलना चाहते हैं।

संत बाबा प्रेमानंद महाराज के दरबार में उनसे मुलाकात के लिए यूट्यूबर एल्विश यादव पहुंचे। उनके साथ ब्रज के लोग भी महाराज का स्वास्थ्य हाल जानने को पहुंचे। महाराज ने कहा कि अब मेरा स्वास्थ्य क्या ठीक होना है। मेरी तो दोनों किडनी फेल हैं। पर हां भगवान ने ऐसा किया है कि आपसे बात हो रही



है, आपसे मिल सकते हैं। बात कर सकते हैं। बस इतनी कृपा है तय है। नहीं तो दोनों किडनी फेल हैं। ठीक क्या होना है अब तो जाना है। आज नहीं तो कल जाना है।

संत प्रेमानंद महाराज ने कहा कि भगवान चलावें तो मरे को भी जिंदा कर दें। अब हमारी आशा तो नहीं रह गई। क्योंकि दोनों किडनी फेल हैं। राधा नाम सबका मंगल करेगा, राधा नाम सबको जीवन दान देगा, राधा नाम सबकी कामनाएं पूर्ण करेगा। प्रेमानंद चला जाएगा लेकिन राधानाम कभी नहीं जाएगा। प्रेमानंद के द्वारा गाया गया राधा नाम की छाप जन जन में रहेगी। राधा नाम का प्रभाव रहेगा। उन्होंने एकांतिक वातालाप में मौजूद लोगों से कहा कि आप भी नाम जप करते हो, थोड़ा तो नाम जप किया करो। इस दौरान संत प्रेमानंद जी महाराज ने एल्विश यादव से ये भी पूछा कि क्या तुम भगवान का नाम जपते हो? इस पर एल्विश ने मुस्कुराते हुए जब कहा कि नहीं तो महाराज ने प्रेमपूर्वक समझाया कि 'तुम आज सफल हो, ये तुम्हारे पिछले जन्म के अच्छे कर्म हैं। लेकिन आज के कर्मों का क्या? भगवान का नाम लोगे तो जीवन में स्थिरता आएगी।' फिर उन्होंने एल्विश से कहा कि वे रोजाना एक अंगूठी पहनें और 10,000 बार हराधाह्न का नाम जपें। एल्विश ने संत से वादा किया कि वो हर रोज राधा नाम का जाप करेंगे। संत प्रेमानंद महाराज ने एल्विश को समझाया कि 'अगर तुम हाथ में शराब लेकर वीडियो बनाओगे, तो लाखों लोग तुमसे वही सीखेंगे। लेकिन अगर तुम भक्ति करोगे, तो वही लोग राधा नाम जपना शुरू करेंगे।' इस पर एल्विश ने कहा कि वह अब से अपनी छवि और कर्म दोनों पर ध्यान देंगे ताकि उनके प्रशंसक सही दिशा में प्रेरित हों।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


### स्कूटी से तस्करीः पांच करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

# आगरा के होटल और बार में होनी थी सप्लाई

एनएनआई

**आगरा।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की आगरा यूनिट ने नौहझील पुलिस के साथ बाजना कट के पास दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया। उनसे 1.45 किलो हेरोइन बरामद की गई है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 5 करोड़ 9 लाख रुपये है। दोनों गुरुग्राम से स्कूटी पर हेरोइन लेकर आगरा में सप्लाई करने आ रहे थे। गैंग के विदेशों से जुड़े होने के भी संकेत हैं।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि पुलिस को नशीले पदार्थों की तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर एएनटीएफ की आगरा यूनिट को सक्रिय किया गया। बुधवार की शाम संयुक्त टीम ने बाजना कट के पास स्कूटी सवार दो संदिग्धों की डिकी से दो पैकेट सफेद पाउडर (हेरोइन) बरामद की। पकड़े गए युवक गुरुग्राम निवासी वकार उर्फ साहिल और दिल्ली के सीलमपुर निवासी फैजान हैं। एक पैकेट का वजन 526 ग्राम व दूसरे पैकेट का वजन 519 ग्राम था।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे करीब 8-9 वर्ष पहले हरियाणा के गुरुग्राम में ऑटो चलाते थे। वहां दिल्ली के अमन से मित्रता हो गई। अमन गुरुग्राम में क्लब और बार में एजेंट के रूप में कार्य करता था। लोगों को हेरोइन सप्लाई करता था। वकार व फैजान ने भी यह काम शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि अमन ने ही उन्हें नाइजीरिया के टी. अमन नीग्रो से मिलाया। उससे व्हाट्सएप कॉल पर बात करते हैं। वह सड़क या चौराहे पर सप्लाई देता है, जिसे वह उसके बताए गए व्यक्ति को सौंप देते हैं। पुलिस ने एएनटीएफ के निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा की तहरीर पर दिल्ली के सीलमपुर निवासी फैजान व हरियाणा के गुरुग्राम निवासी वकार उर्फ साहिल व नाइजीरिया के टी अमन नीग्रो के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसएसपी ने बताया कि दोनों तस्कर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, यूपी, एमपी और राजस्थान में हेरोइन की तस्करी कर रहे थे। आगरा के होटल और बार में भी हेरोइन की सप्लाई की जा रही थी। यह खेप आगरा के होटल व बारों में सप्लाई होनी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन और दस्तावेजों से कई महत्वपूर्ण सुराग हासिल किए हैं।

## रेलवे का कबाड़ खरीदने वाले की जेल में मौत

एनएनआई

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के हनुमान नगर निवासी 65 वर्षीय जगदीश प्रसाद राठौर को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे का कबाड़ चोरों से खरीदने के आरोप में पकड़ा था। इसके बाद उन्हें रेलवे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जहां से जेल भेज दिया। जेल में तबियत बिगड़ने के बाद जगदीश राठौर की मौत हो गई। अब परिजनों ने आरपीएफ पर झूठे केस में फंसाने के सदमे में मौत होने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच की मांग की है।

मृतक के बेटे विनोद ने बताया कि 6 अक्टूबर को उनके पिता घर के बाहर बैठे थे। तभी दो लोग घर पर आए। उन्होंने एक बोरा दिया और चले गए। बोरे में क्या था, इसकी जानकारी भी नहीं थी। उनके जाते ही यमुना ब्रिज आरपीएफ आ गई। वो अपने साथ पिता को ले गए। उनका कहना था कि पिता ने रेलवे का चोरी किया गया कबाड़ खरीदा है।जब वो आरीएफ थाने पहुंचे और आरपीएफ से पूछा कि किस जुर्म में पिता को गिरफ्तार किया है तो बताया गया कि आरपीएफ में चोरी का केस दर्ज हुआ है। दो चोरों को पकड़ा गया है, उन्होंने बताया कि चोरी का कबाड़ जगदीश प्रसाद राठौर को बेचा है। जब आरपीएफ से एफआईआर मांगी और उन चोरों के बारे में पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया गया।

इसके बाद पिता को जेल भेज दिया गया। विनोद का कहना है कि वो बुधवार को पिता से जेल में मिलने गए थे। पिता ने बताया कि जिन लोगों ने कबाड़ लाकर रखा था, वो उन्हें जानते तक नहीं है। वो लोग आरपीएफ थाने में ही मौजूद थे। बेटे का आरोप है कि साजिश के तहत आरपीएफ ने उनके पिता को झूठे केस में फंसाया। पिता इससे बहुत आहत थे।

एसएन में भर्ती किया गया, उपचार के दौरान मौत बुधवार देर रात 10 बजे जेलर का फोन आया कि आपके पिता की तबीयत खराब है, एसएन में भर्ती किया है। एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो पिताजी बात कर रहे थे।

उन्होंने बताया की तबीयत खराब है, लेकिनउनका एक पैर बुरी तरह से सूज रहा था और लाल पड़ रहा था। जिससे प्रतीत हो रहा था कि उनके साथ मारपीट की गई है। मेडिकल कॉलेज में सुबह करीब 3 बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उन्हें गलत तरीके से फंसा कर आरपीएफ ने जेल भेजा है और उनके साथ मारपीट की है।

## एत्माद्दौल थाने का पैरोकार निलंबित, सिपाही लाइन हाजिर

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना प्रभारी पर उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाने वाले दो सिपाहियों पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस प्रशासन ने इसे अनुशासनहीनता का मामला मानते हुए थाने में तैनात पैरोकार को निलंबित कर दिया, जबकि सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है, जब एत्माद्दौला थाने के व्हाट्सएप ग्रुप पर थाने के पैरोकार कुलभूषण सिंह ने रात 10:46 बजे एक मैसेज पोस्ट कर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने लिखा कि उनसे पैसे मांगे जा रहे हैं और 21 सितंबर से लगातार उनके साथ बदतमीजी की जा रही है। इसी से कुछ मिनट पहले, 10:44 बजे, उत्तर प्रदेश पुलिस मित्र और थाना एत्माद्दौला वॉट्सऐप ग्रुप पर




सिपाही अंकित राठौर (मोबाइल बाइक चालक) ने भी थाना प्रभारी पर अभद्रता करने का आरोप लगाया था। मामला सामने आने के बाद डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने जांच एसीपी छत्ता को सौंपी थी।

शुरूआती जांच में दोनों सिपाही अनुशासनहीनता के दोषी पाए गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को विभागीय प्रक्रिया के तहत वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित रूप में दिया जाना चाहिए था, न कि वॉट्सऐप ग्रुप पर सार्वजनिक रूप से पोस्ट किया जाना चाहिए था। जांच के आधार पर डीसीपी सिटी ने पैरोकार कुलभूषण सिंह को निलंबित कर दिया है, जबकि सिपाही अंकित राठौर को पुलिस लाइन भेजा गया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि दोनों सिपाहियों पर अनुशासनहीनता के चलते कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच अभी जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।



# 'जाणता राजा' में गूंजे शिवाजी महाराज के आदर्श

## महा नाट्य का भव्य समापन, पात्रों का हुआ सम्मान, अंतिम दिन उमड़ा जन सैलाब





एनएनआई

**आगरा।** कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में विगत पांच दिवस से चल रहे दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्प 'जाणता राजा' महा नाट्य का छठवां दिन श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा। शिवाजी महाराज के गौरवशाली जीवन, माता जिजाबाई की प्रेरणा और हिंदवी स्वराज्य की स्थापना का अद्भुत मंचन देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। महा नाट्य में शिवाजी महाराज का आदर्श, मातृत्व का भाव, रणकौशल, नीति और समाज के प्रति समर्पण का ऐसा सजीव चित्रण किया गया जिसने पूरा वातावरण भक्ति और वीर रस से भर दिया। दर्शक पंक्तियों में बैठे-बैठे हर प्रसंग के साथ इतिहास को जीते हुए नजर आए।

### पात्रों का सम्मान और सृजनशीलता का उत्सव

समापन सत्र में नाट्य के सभी प्रमुख पात्रों का सम्मान किया गया। शिवाजी महाराज, जीजाबाई, समर्थ गुरु रामदास, अफजल खान, तानाजी मालुसरे, शाहजी राजे, सांभाजी, तथा अन्य पात्रों ने अपने अभिनय से ऐतिहासिक चरित्रों को सजीव कर दिया। नाट्य महासचिव डॉ. अजीत राव आप्टे और उनकी टीम को भी विशेष रूप से सराहा गया, जिन्होंने पद्म भूषण बाबा साहब पुरंदरे द्वारा लिखे गए इस महा नाट्य को 45 वर्षों की निरंतरता और अनुशासन के साथ प्रस्तुत किया।

### ये हुईं घोषणाएं

दिव्य प्रेम सेवा मिशन संस्था का विस्तार करते हुए संस्थापक डॉ आशीष गौतम भैया ने तीन प्रमुख घोषणाएं की जिसमें केंद्रीय संचालन समिति सदस्य अभिनव मौर्य, सीए संजीव महेश्वरी को आगरा इकाई का संयोजक बनाया गया और ललित शर्मा को आगरा विभाग का इकाई संयोजक बनाया गया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन समिति के संयोजक ललित शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम भदोरिया, जिला अध्यक्ष बीजेपी प्रशांत पोनिया, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सुग्रीव सिंह चौहान, राहुल सारस्वत, जितेंद्र फौजदार, सत्यदेव दुबे, मोहित सोलंकी, मनीष थापक, राहुल जोशी, पंकज पाठक, जितेंद्र सिंह रिंकू, गोविंद दुबे, बांके लाल गौड़, मुकेश गोयल, फूल सिंह सिकरवार, हरिशंकर , महेश गोयल, आदि उपस्थित रहे।

### पांच साल बाद लौटेगा 'जाणता राजा' महा नाट्य

दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा प्रस्तुत 'जाणता राजा' महा नाट्य का समापन समारोह अंतिम दिन भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। समारोह में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे आयोजन स्थल श्रद्धा और उत्साह से भर गया। सभी ने नाटक की सफलता और कलाकारों के समर्पण की सराहना की। उद्घाटन के समय मां तुलजा भवानी की आरती और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उद्घाटन समारोह में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य और योगेंद्र उपाध्याय, साधना श्रीजी महेश्वरी, प्रदेश महामंत्री संतोष सिंह, संस्थापक डॉ आशीष गौतम भैया, सांसद जगदंबिका पाल, विधायक फरुखाबाद नागेंद्र सिंह राठौड़, फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग परिषद के अध्यक्ष पूरन डावर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी अजीत महापात्र, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप, आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, अभिनव मौर्य, सीए संजीव महेश्वरी, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र से पहले स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक योग की प्रस्तुति दी गई। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह नाटक शिवाजी महाराज के चरित्र, वीरता और रणनीति का जीवंत स्मरण है। उन्होंने आगरा में शिवाजी महाराज के स्मारक निर्माण की जानकारी दी और इसे आने वाले समय में लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि यह नाटक प्रेम, संस्कृति, परंपरा और देशभक्ति का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है। उन्होंने आशीष भैया और उनकी टीम के समर्पण की सराहना की और युवाओं से आग्रह किया कि वे मंचन से प्रेरणा लेकर समाज और परिवार के प्रति सम्मान और सेवा भाव विकसित करें। समापन समारोह में आयोजन समिति, सहयोगियों और कलाकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्थापक डॉ आशीष गौतम भैया द्वारा घोषणा की गई कि पांच साल बाद फिर 'जाणता राजा' महा नाट्य का मंचन आगरा में होगा, ताकि शिवाजी महाराज की वीरता और आदर्श नई पीढ़ी तक पहुंच सके। आयोजन समिति के संयोजक ललित शर्मा ने कहा कि अंतिम दिन उमड़े जन सैलाब ने दर्शाया कि आगरा के नागरिक, युवा और बच्चे इतिहास, वीरता और संस्कृति से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। कार्यक्रम ने आने वाले समय के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया। प्रयास रहेगा कि पांच वर्ष बाद और अधिक भव्यता और व्यवस्था के साथ आयोजन हो।

# प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया कैप्टन शुभम गुप्ता का जन्मदिन

## छोटी दिवाली पर शुभम गुप्ता स्मारक पर होगा दीपोत्सव का आयोजन



एनएनआई

**आगरा।** कैप्टन शुभम फाउंडेशन एवं आगरा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से कैप्टन शुभम गुप्ता का जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रूप में फतेहाबाद रोड स्थित कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन में मनाया गया। शुरूआत शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता के चित्र पर कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, एमएलसी विजय शिवहरे, पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह, समाजसेवी पूरन डावर और उद्यमी गोपाल गुप्ता ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के राजोरी में आतंकियों से लोहा लेते हुए आगरा के लाल शुभम गुप्ता ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। पहले शुभम एक परिवार का बेटा था लेकिन अब वो पुरे शहर का बेटा बन गया है।

एडवोकेट बसंत गुप्ता व पुष्पा गुप्ता (शुभम के माता-पिता) ने बताया कि जन्मदिन पर कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय की लगभग सौ बालिकाओ को शिक्षण सामग्री और स्कुल बैग भेट किया। 20 अक्टूबर (छोटी दिवाली) को शुभम गुप्ता मेमोरियल स्मारक पर दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। अगले माह 22 नवम्बर को शुभम की दूसरी बरसी पर गोल्ड मेडलिस्ट बाबा सत्यनारायण मौर्य सूरसदन में लाइव शहीदों की चित्रकारी करके हुनर का जलवा दिखाएंगे।

### पुष्प अर्पण कर शुभम के शौर्य को किया याद

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् की सभी शाखाओ ने पुष्प अर्पण कर कैप्टन शुभम गुप्ता के शौर्य और वीरता को याद किया। सभी का धन्यवाद डॉ. केशव दत्त गुप्ता ने दिया। संचालन धर्म गोयल मित्तल ने किया। इस अवसर पर नागेंद्र गामा, सुनील विकल, डॉ. कैलाश सारस्वत, रवि प्रकाश अग्रवाल, योगेश कंसल, वीरेंद्र सिंघल, हरीनारायण चतुर्वेदी, भोला पंडित, प्रमोद सिंघल, उमेश बंसल, अशोक गुप्ता, भूपेंद्र ठाकुर, राजवीर सिंह, विनोद सर्राफ, अतुल गुप्ता, राजू गोयल, वंदना अग्रवाल, अंजू सिंघल, राजीव खण्डेलवाल, पुष्पेंद्र सिसोदिया, मुकेश मित्तल, रोहित जैन, तपन अग्रवाल, राजेश गोयल आदि मौजूद रहे।

# कालिका गौशाला में की गौ सेवा



एनएनआई

**आगरा।** गौ सेवा संकल्प ग्रुप द्वारा कालिका गौशाला में गौ सेवा की गयी। सभी ने वहां उपस्थित गौ माताओं को हरा चारा, हरी सब्जी, भूसा, चोकर, चना दाल, गुड़, केले, रोटी आदि खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्थापक रितु गोयल ने बताया कि कालिका गौशाला में अक्सर घायल गौ माता लाई जाती हैं जिनका पूरा इलाज किया जाता है। यह सेवा कालिका गौशाला के संचालक धर्मवीर द्वारा की जाती है। हर साल की भांति छोटी चित्रांगदा व करबल प्रताप सिंह ने अपने बेटे का चौथा जन्मदिवस गौ सेवा करके व वहां बस्ती के बच्चों को खाने-पीने का सामान देकर मनाया।

इस अवसर पर अंजली स्वरूप, डॉ माधवी कुलश्रेष्ठ, रचना कपूर, अमित कौरा, अमित लवानिया, आशा अग्रवाल, कुमुद पांडे, अखिलेश पांडे, आर के कपूर, रितु जैन, रवि जैन, एस के बग्गा, अवधेश उपाध्याय, नितिन नाथ शर्मा, बब्बल परमार, रजनीकांता, राजकुमारी पाराशर, अनीता पाठक, वंदना परिहार, प्रभा गुप्ता, भावना खत्री, प्रतीक्षा गर्ग, पूनम अग्रवाल, ममता मित्तल, अरविंद शर्मा, अंजू सिंह, रेखा तिवारी, सरिता शाक्य, नीनू सिंघल, ऋचा गोयल, अनीता गुप्ता, के. वी. गुप्ता, डॉ रचना अग्रवाल, रश्मि चोपड़ा, अंजू जिंदल, ऊषा सिंह, माया अग्रवाल, राखी गुप्ता, अनीता सान्याल, नीतू अग्रवाल, संजीव गोयल, सुलभा लवानिया, आदि मौजूद रहे।

# युवा भटका नहीं है, उसे भटकाया जा रहा है

एनएनआई



**आगरा।** वरदान वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित जागरूक अभियान 'समाज के भटकते युवा' की मुहिम सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, विजय नगर कॉलोनी में पहुंची. इस जागरूक अभियान में राष्ट्र सेविका समिति से मीनाक्षी ऋषि और भावेन्द्र पूर्व विभाग संघ चालक मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। भावेंद्र ने बताया कि आज का युवा भटका नहीं है बल्कि स्वयं परिवार और शिक्षण संस्थान उसे भटका रहे हैं अपने संस्कारों को खो कर और पाश्चात्य संस्कृति को अपना कर तो मीनाक्षी ऋषि ने हनुमान चालीसा को उदाहरण देकर युवाओं को समझाया कि यदि उसके 40 दोहों को जीवन में उतार लो तो जीवन में आने वाली सभी समस्याएं स्वयं समाप्त हो जाएगी।

अध्यक्ष शीतल अग्रवाल ने विद्यालय प्रधानाचार्य व आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्य बालकिशन कटारा ने कहा कि समाज में समानता का अधिकार सभी को है अगर भटकना नहीं चाहते हो तो अपने मूल्यों को समझें। मौके पर सचिन, पुष्कर सक्सेना, राधे श्याम यादव आदि उपस्थित रहे।

# सभी भारतीयों को जोड़ने का काम करती है हिन्दी



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क स्थित जुबली हॉल में पखवाड़ा उत्सव तथा कुलपति का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने सर्वप्रथम शब्द पुष्पों एवं माल्यार्पण द्वारा कुलपति का अभिनंदन करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में वे पहली महिला कुलपति हैं, जिनको विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है। इसके अलावा संस्थान के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा अन्य महाविद्यालय के प्राचार्य और प्रोफेसर्स ने भी कुलपति जी का पुष्प भेंट करके तथा माल्यार्पण करके स्वागत किया।

कुलपति ने कहा कि मेरा स्वयं से यह वादा है, कि पिछले कार्य को वहीं पर समाप्त करते हुए, हम सब एक मुट्ठी की तरह एक होकर, अब तिगुनी गति से कार्य करके विश्वविद्यालय को नई ऊंचाई पर लेकर जाएंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए डीन अकादमिक प्रो. मनु प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी के लिए बहुत जरूरी है, कि अध्यापन एवं अध्ययन अपनी भाषा में हो और यह प्रयास भी होना चाहिए,कि सभी शिक्षक अपने विषयों की पाठ्य पुस्तकें हिंदी में लिखें, जो कि विकसित भारत के लिए बढ़ते कदमों की दिशा में सहायक होगा। समाज विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. मोहम्मद अरशद ने कहा कि जब हम हिंदी की बात करते हैं, तो दूसरी क्षेत्रीय भाषा को प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं लाते। हिंदी सभी भारतीयों को जोड़ती है।

आइक्यूएसी के निदेशक प्रो. संजय चौधरी ने कहा कि हिंदी को जीवन बनाएं। हिंदी को जीवन का उत्सव बनाएं। हिंदी पखवाड़ा मनाने की आवश्यकता ही नहीं है, क्योंकि हम सभी की मातृभाषा हिंदी है। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो रामशंकर कठेरिया ने कुलपति को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षकों,विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय की उम्मीद से ज्यादा हमारी कुलपति मैम ने हमें दिया है।

इसके अलावा कुलसचिव अजय मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ.ओम प्रकाश, वित्त अधिकारी महिमा चंद भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित कुमार सिंह ने किया।

# हाथ के हुनर से कला संस्कृति को संजो स्वावलंबन की सीख दे रहे हस्तशिल्पी

एनएनआई

**आगरा।** आगरा जरी जरदोजी कार्य निमार्ता कंपनी द्वारा राजपुर स्थित जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल के नवनिर्मित वातानुकूलित रमनलाल हीरो देवी ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान हस्तशिल्प की एक पुस्तक का विमोचन एचपीओ राम त्रिपाठी, विनोद बंसल, ममता दुबे, विशाल बंसल, मोहित बंसल, स्टेट अवॉर्डी विकास, मर्सिलिन, रवि कुमार द्वारा उपस्थित हस्तशिपियों के समक्ष किया गया।

हस्त शिल्प पर केंद्रित इस अनूठे आयोजन में कन्नौज के इत्र, कागज पर ड्राइंग करके देवी-देवताओं, फूल-पत्तियों और पशु-पक्षियों को उभारने वाली साँझी कला, शीशम की लकड़ी पर पीतल के तारों से खुदाई करके विभिन्न सुंदर आकृतियों को उभारने वाली तारकशी, हाथ थप्पा छपाई, टाई एंड



डाई, मधुबनी पेंटिंग, गोंड आर्ट, स्टोन कार्विंग, घास की पत्तियों और फसल अवशेष को प्रयुक्त कर दैनिक उपयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं को बनाने की कला, संगमरमर पर पच्चीकारी और जरी जरदोजी की कला प्रमुख रूप से शामिल है।

कार्यशाला के द्वितीय दिन हस्तशिल्प प्रेमियों के साथ-साथ जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भारत की प्राचीन कला के रूप में हस्तशिल्प को सीखने-समझने में गहरी रुचि प्रदर्शित की। एवं आए हुए हस्तशिल्पियों से हस्तशिल्प से संबंधित बारीक चीजों को सीखने का भी प्रयास किया।

प्रदर्शनी संयोजक बृजमोहन शर्मा एडवोकेट ने बताया कि भारतीय कला-संस्कृति को सँजोकर, हाथ के हुनर से उसे आधुनिकता बोध में पिरो कर हमारे हस्तशिल्पी स्वावलंबन की सीख दे रहे हैं। इनके हाथ मशीनों से भी बेहतर चलते हैं। समन्वयक सुमित शर्मा, चेयरमैन विनोद बंसल, डायरेक्टर मोहित बंसल, प्रिंसिपल ममता दुबे और सीनियर कोऑर्डिनेटर अंकिता लवानिया भी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। रीमा बनर्जी ने संचालन किया।

# संगीत और सांस्कृतिक समृद्धि का हुआ अद्भुत संगम

एनएनआई

**आगरा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ताजसिटी, आगरा में स्पाइक मकाय के तत्वाधान में एक विशिष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकार, ग्रैमी अवार्ड से सम्मानित पद्म भूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट, उनके पुत्र सलिल भट्ट और विश्व प्रसिद्ध तबला वादक हिमांशु महंत ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम संगीत और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत संगम रहा, जिसने श्रोताओं के मन पर अमिट छाप छोड़ी।

पंडित विश्व मोहन भट्ट ने कहा कि इसका ध्येय भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार को बढ़ावा देना है। इसके पश्चात मोहन वीणा के सुर और तबले की थाप ने वातावरण को सुरमय बना




दिया। कार्यक्रम के अंत में पंडित विश्व मोहन भट्ट ने विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया, जिसमें उन्होंने मोहन वीणा के इतिहास, संरचना और विशेषताओं के बारे में बताया और विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा और इसने उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत और सांस्कृतिक विरासत के प्रति अधिक संवेदनशील और जागरूक बनाया।

# अमरकंटक में वनबंधु परिषद ने की वन यात्रा

एनएनआई

**आगरा।** एकल अभियान वनबंधु परिषद्, आगरा चैप्टर एवं आगरा महिला समिति द्वारा संयुक्त रूप से तीन दिवसीय वन यात्रा का आयोजन छत्तीसगढ़ के अमरकंटक में किया गया। इस यात्रा में 45 सदस्य शामिल हुए, जिनमें एक 4 वर्षीय नन्हा वन यात्री कृदय अग्रवाल भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

अपने अनुभव साझा करते हुए वन यात्रियों ने बताया कि अमरकंटक पहुँचने के उपरांत दल ने नर्मदा उद्गम स्थल, कपिलधारा सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन किये। सबसे पहले ग्राम जंगी झोरकी, ग्राम कसई बहरा एवं ग्राम वरटोला स्थित विद्यालयों का यात्रा दल के सदस्यों ने भ्रमण किया, जहाँ आचार्या प्रेमवती मरावी, आचार्य धनमत नागेश एवं



आचार्य संजय कुमार सोनवानी ने बच्चों सहित भजन, कीर्तन और आरती से सभी वन यात्रियों का स्वागत किया।

इस दौरान महिला समिति अध्यक्ष सुमन जैन, सचिव अनु अग्रवाल, चैप्टर अध्यक्ष वीरेंद्र सिंगल, सचिव जगदीश प्रसाद बंसल, रवि अग्रवाल, जीपी अग्रवाल, राम रत्न मित्तल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही समिति सदस्यों में राजेश वर्मा, डॉ. गिरिराज सारन जैन, श्रीकिशन मिश्रा, प्रवीण अशोक अग्रवाल तथा महिला समिति की सदस्यों में सुधा अग्रवाल, सोनाली विकल, लता जैन, विमलेश जैन एवं रंजना अग्रवाल की सक्रिय सहभागिता रही।

# पिया के नाम की मेहंदी से रचे हाथ



## पंचवटी सखियों ने जमाया रंग, सजी प्री-करवा चौथ शाम

एनएनआई

**आगरा।** पंचवटी कॉलोनी, ताजनगरी में पंचवटी की सखियों ने करवा चौथ के पावन पर्व की पूर्व बेला पर उल्लास और उमंग से भरा आयोजन किया, सभी सखियों ने अपने हाथों में सुन्दर मेहंदी रचाई और पारंपरिक गीतों की धुन पर झूमते हुए करवा चौथ के आगमन का स्वागत किया, सजना है सजना के लिएह्व जैसे गीतों पर महिलाओं ने थिरककर पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया, व्रत की तैयारी के चलते सखियों ने आज स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया, सभी ने आकर्षक परिधानों में सजकर एक-दूसरे के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उत्सव के इन पलों को यादगार बनाया। इस अवसर पर साधना अग्रवाल, सुमन भारद्वाज, डॉ. सुनीता सिंह, चांदनी भोजवानी, शिल्पा लूथरा, नवनीत कौर, नीतू सिंह, दिव्या शर्मा, सोनम बडोला, पूनम सिंह, सारिका गुप्ता, लक्ष्मी दुबे, रितिका अग्रवाल, गीता आहूजा, ममता कटारा, दीक्षा अग्रवाल, रचना पाराशर, रश्मि कपिल, प्रीति अरोड़ा, प्रीति सिंघल, प्रिया सिंह, खुशबू शर्मा आदि सखियाँ विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## कुटुम्ब ने मनाया सौभाग्य रचना करवा चौथ मेहंदी उत्सव

एनएनआई

**आगरा।** करवा चौथ के पावन पर्व के अवसर पर कुटुम्ब संस्था द्वारा "सौभाग्य रचना करवा चौथ मेहंदी उत्सव" का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ हरिओम सेवा सदन, दयाल बाग में किया गया। शुभारंभ व दीप प्रज्वलन श्रुति सिन्हा, सदस्य संयुक्त हिंदी सलाहकार समिति, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा डॉ. कुंती चौहान, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी एवं ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज, एसएन हॉस्पिटल, आगरा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

संस्था की संयोजक श्रीमती पूजा सिंघल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की महिलाओं को करवा चौथ जैसे पवित्र अवसर पर एक सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण में, महिलाओं द्वारा ही महिलाओं को मेहंदी लगाने का अवसर प्रदान करना था ताकि वे सड़कों या सार्वजनिक स्थलों पर पुरुषों द्वारा मेहंदी लगवाने की प्रवृत्ति से हटकर गरिमा के साथ इस उत्सव का आनंद ले सकें। कार्यक्रम का संचालन ज्योतिषा मित्तल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मेहंदी लगाने की जिम्मेदारी वंशिका, शिवानी, दीपाली, डॉली, ऋचा आदि ने स्वेच्छा से बड़े ही सुचारू रूप से निभाई।

संस्था के मार्गदर्शक विदित सिंघल, संरक्षक संध्या गर्ग ने बताया कि यह प्रयास महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहयोग की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## 1000 महिलाओं के हाथों पर सजाई मेहंदी



**आगरा एनएनआई।** सेवा आगरा और संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय की ओर से करवाचौथ पर शहर की बहन-बेटियों के हाथो को मेहंदी से सजाने को आयोजित किये निःशुल्क महाशिविर का। मेहंदी कलाकार के रूप में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई और पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों को हाथों पर उतारा। किसी ने अपने हाथ पर अपने पिया का नाम लिखवाया तो किसी ने हाथो पर पिकॉक डिजायन बनवाया।

संस्थापक अध्यक्ष पार्षद मुरारी लाल गोयल पेंट एवं सुमन गोयल ने बताया कि करवाचौथ पति-पत्नी के प्रेम, समझ और करुणा का प्रतीक है। इस दिन महिलाओ को मेहंदी लगवाने के लिए भटकना ना पड़े इसलिए निःशुल्क मेहंदी महाशिविर का आयोजन किया। चेयरमैन मनमोहन चावला एवं निर्देशक रविकांत चावला ने बताया कि छात्राओं को करवा चौथ के त्योहार से पहले मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करने को 50 बालिकाओ द्वारा सुरक्षित वातावरण मे करीब एक हजार सुहागिन बहन व बेटियों के हाथों को मेहंदी से सजाया। इससे बालिकाएं स्वावलंबी भी बनेंगी। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी बालिकाओ को उपहार दिए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मोहिनी तिवारी, तनु चावला, जाग्रति मित्तल, प्रीति चावला, हरिओम गोयल, नंदनी चौधरी, अदिति गहलोत, मुस्कान गुप्ता, प्रिय वैश्य, एंजिल अग्रवाल, छवि रावत, सिमरन यादव, अनु वर्मा, शानू, खुशी आदि मौजूद रही।

## पिया नाम की मेहंदी से सजे दोनों हाथ

**आगरा एनएनआई।** करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मंगल गीतों के साथ पिया के नाम की मेंहदी से हाथों को सजाया। संस्कार भारती आगरा पश्चिम प्रताप द्वारा 12 अक्टूबर को आयोजित किए जा रहे दीपावली आनन्द मेले के अन्तर्गत आज प्रताप नगर बुर्जी वाला हनुमान जी मंदिर में चार वर्गों में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 143 महिलाओं ने भाग लिया। उत्साह और उमंग के साथ आयोजित प्रतियोगिता में गीत संगीत का दौर चला तो दीपों की श्रृंखला की तरह हर तरफ खुशियां बिखरी नजर आई. साथ ही मेले की तैयारियों का काम भी चलता रहा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रांतीय महामंत्री नंद नंदन गर्ग, प्रेमचंद अग्रवाल सुपारी, महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग, इंजी.सुरेश चंद्र अग्रवाल, अनिता भार्गव, नीता गर्ग, डॉ साधना सिंह ने भारत माता के चित्र के समय की दीप जलाकर उद्घाटन किया। बताया कि मेले में स्वर्णिम भारत की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रथम आयु वर्ग में डॉक्टर एकता श्रीवास्तव और रश्मि सिंह, दूसरे आयु वर्ग में आस्था गर्ग और कजरी अग्रवाल, तीसरी आयु वर्ग में डॉक्टर साधना सिंह और रश्मि अग्रवाल तथा चौथे आयु वर्ग में डॉ मोना मिश्रा और अंजलि जैन निर्णायक रहीं।



# कमला नगर के सद्भावना पार्क में शनिवार शाम लगेगा दीपावली आनंद मेला



**आगरा एनएनआई।** कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की आगरा जिला (ब्रज प्रांत) शाखा द्वारा कुटुंब प्रबोधन पर आधारित दीपावली आनंद मेला 11 अक्टूबर, शनिवार को दोपहर 3:00 बजे से कमला नगर स्थित सद्भावना पार्क में लगाया जाएगा।

कमला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में उक्त जानकारी देते हुए मेला के मुख्य संरक्षक समाजसेवी मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर) ने आयोजकों के साथ मेले के आमंत्रण पत्र का विमोचन कर शहरवासियों को मेले में आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि संस्कार भारती द्वारा कुटुंब प्रबोधन के अंतर्गत पारिवारिक भावनाओं को पुष्ट करने, परस्पर स्नेह भाव बढ़ाने और बाल-युवा-वृद्ध सबको जोड़ने के नेक उद्देश्य से यह मेला आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस विषय पर सबका मार्गदर्शन करने के लिए सीए प्रमोद चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। पूर्व राष्ट्रीय साहित्य संयोजक राज बहादुर सिंह राज ने बताया कि मेले में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सजीव मचीय प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं मेला संरक्षक आशीष अग्रवाल ने बताया कि दीपावली आनंद मेले में चाट-पकौड़ी, स्वादिष्ट व्यंजनों और उपयोगी वस्तुओं के स्टॉल के साथ-साथ बच्चों व महिलाओं के लिए झूले-तमाशे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टॉल्स पर खान पान एवं वस्तुओं की खरीद कूपन द्वारा होगी। कूपन के साथ लकी ड्रॉ की टिकट मिलेगी जिससे 50 सामान्य एवं 03 बड़े पुरस्कार निकाले जायेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग दीप प्रज्वलन करेंगे। योगेश अग्रवाल (एपी ज्वेलर्स) मुख्य अतिथि रहेंगे।

जिला महामंत्री यतेन्द्र सोलंकी ने बताया कि भारतीय संस्कृति और सनातनी मूल्यों से जोड़ने व प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की दृष्टि से मेले में रंग भरो, थाल सज्जा, कलश सज्जा, ऐतिहासिक पात्रों पर आधारित विविध वेश, शंख बजाओ और रामायण पर आधारित सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिनमें छात्र-छात्राएँ, बहनें व महिलाएँ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# खरीदारी करने गई बालिका लापता

एनएनआई

■ परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस कर रही तलाश

**पिनाहट।** मनसुखपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी बालिका करवा चौथ की खरीदारी करने के लिए अपनी मां के साथ पिनाहट बाजार आईं, जो रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। जानकारी के अनुसार, । थाना मनसुखपुरा क्षेत्र की एक बालिका गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे अपनी मां के साथ बाजार में आई थी। भीड़भाड़ के दौरान अचानक वह बिना कुछ बताए कहीं चली गई।

मां ने काफी देर तक बाजार व आसपास के इलाके में बेटी की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पुलिस ने बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ताकि बालिका का पता लगाया जा सके।





## करवा चौथः करवा से लेकर सौंदर्य प्रसाधन तक की जमकर हुई बिक्री

**बाह** एनएनआई। करवा चौथ की खरीददारी हेतु बाह, जरार, जैतपुर, भदरौली, बटेश्वर के बाजारों में ब्रहस्पतिवार को सुहागिनों की भीड़ उमड़ी। भीड़ के चलते जरार, बाह, भदरौली, जैतपुर के बाजारों में दिन भर जाम के हालात बने रहे। सौंदर्य प्रसाधन मेंहदी, चूड़ी, सिंदूर, काजल, लिपिस्टक, नेल पालिस, साड़ी, करवा से लेकर कलेंडर तक की खूब बिक्री हुई। कपड़ा व्यवसायी जरार के दिनेश गुप्ता, बाह के कमल गुप्ता ने बताया कि लाल, गुलाबी साड़ियों की डिमांड ज्यादा रही। चूड़ी कारोबार से जुड़ी मीना, नगीना ने बताया कि सुहागिनें हरी रंग की चूड़िया ज्यादा खरीद रही हैं। पिछली बार बाजारों में चीनी के जो करवे प्रति पीस 20 से 40 रुपये में बिके थे, इस साल वही 50 से 90 रुपये तक में बिक रहे हैं।

## पारस होम्स फर्नीचर एंड डेकोर शोरूम का उद्घाटन



एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर स्थित मेन रोड पर पारस होम्स फर्नीचर एंड डेकोर के नवनिर्मित शोरूम का उद्घाटन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद नवीन जैन रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन एवं फीता खोलकर शोरूम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप जैन सीएमडी पीएनसी इन्फोटेक लिमिटेड एवं अंहिसा ग्रुप के चेयरमैन रोहित जैन अंहिसा ने भी अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।

आयोजन का संचालन पारस कंसल जैन, संभव कंसल जैन एवं रोहित सिंघल परिवार द्वारा किया गया। राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि आगरा जैसे विकसित होते शहर में आधुनिक फर्नीचर और इंटीरियर डेकोर का यह शोरूम लोगों को नई जीवनशैली की प्रेरणा देगा। शोरूम में घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए आकर्षक फर्नीचर, आधुनिक डिजाइन और उत्कृष्ट गुणवत्ता की वस्तुओं की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। आयोजकों ने बताया कि पारस होम्स फर्नीचर एंड डेकोर का उद्देश्य आगरा के नागरिकों को परंपरा और आधुनिकता का संगम प्रदान करना है। इस मौके पर आगरा दिगंबर जैन परिषद के जगदीश प्रसाद जैन, मनोज जैन बाकलीवाल, नितिन कोहली, नीरज अग्रवाल, शुभम जैन, मधु जैन,नेहा जैन, कीर्ति जैन मौजूद रहे।

## अराजक तत्वों ने तोड़ दिए स्कूल के हैंडवाश यूनिट के नल और दो टंकियां

एनएनआई

**बाह।** फरैरा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अराजक तत्वों की हरकत से छात्र-छात्राएं पेयजल के लिए भटकने को मजबूर हो गये हैं। ब्रहस्पतिवार की सुबह 8.30 बजे जब शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल पहुंचे तो छत पर रखी 500 लीटर और 200 लीटर की पानी की दोनों टंकियां टूटी पड़ी मिली। हैंडवाश यूनिट के चारों नल भी टूटे पड़े मिले। ग्राम प्रधान मंजू देवी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह, प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश, शिखा, समीक्षा ने पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम जब स्कूल बंद किया था, तब हैंडवाश यूनिट और दोनों टंकियां सही थी। बुधवार की रात में अराजक तत्वों ने टंकी और हैंडवाश यूनिट क्षतिग्रस्त की हैं। जिसकी बजह से छात्र-छात्राओं को



पीने के पानी के लिए घर जाना पड़ रहा है। मध्यान्ह भोजन के लिए पानी भी बाहर से लाना पड़ रहा है। तहरीर पर पुलिस ने जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## राजीव वर्मा बने आल इंडिया गाड काउंसिल मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष



**आगरा** एनएनआई। ऑल इंडिया गाड काउंसिल मण्डल आगरा, का गठन किया गया। जोनल सचिव राजीव कुमार मिश्रा, जोनल अध्यक्ष बीके मिश्रा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य राहुल राय, सहायक जोनल सचिव अमित पाल सिंह, सीडब्ल्यूसी सदस्य महराज सिंह मीना एवं प्रयागराज मण्डल के भी विमल द्विवेदी गौरत मिश्रा एवं आगरा मण्डल के समस्त ट्रेन मैनेजर उपस्थित रहे। कार्यकारी अध्यक्ष राजीव वर्मा, अध्यक्ष केएल गौतम, उपाध्यक्ष ललित कुमार सविता, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, सचिव आईडी पाल, कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार, संगठन सचिव हेमन्त राय को चुना गया।

## स्वच्छता से दूर होती है कुपोषण और बीमारी

एनएनआई

**आगरा।** सिर्फ सही समय पर हाथ धोने से 80 प्रतिशत बीमारियां रोकी जा सकती हैं मुंह की स्वच्छता न रखने पर गर्भवती महिला और शिशु दोनों की सेहत प्रभावित हो सकती है और कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे कई महत्वपूर्ण संदेश पोषण पाठशाला के दौरान एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस) विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को दिए गए।



पोषण माह के तहत आयोजित इस वर्चुअल ओरिएंटेशन कार्यशाला का विषय था – महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में स्वच्छता का महत्व। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने कहा कि, स्वच्छता न केवल बच्चे के विकास बल्कि धात्री महिला की सेहत की भी कुंजी है। स्वच्छ व्यवहार न अपनाने पर महिला या बच्चा कुपोषण का शिकार हो सकता है। अगर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्वच्छता के महत्व को समझकर अपने क्षेत्र में व्यवहार परिवर्तन लाएंगी तो निश्चित रूप से प्रदेश में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार होगा।

स्वास्थ्य व पोषण विशेषज्ञ सतीश श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है जो शारीरिक, मानसिक और पोषण संबंधी स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है। कार्यशाला में आईसीडीएस निदेशक सरनीत कौर ब्रोका और उपनिदेशक डॉ. अनुपमा शांडिल्य ने भी विभागीय कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता को महिला और बाल स्वास्थ्य सुधार का मूल आधार बताया।

## ईदगाह स्टेशन पर हुआ 'अमृत संवाद'

एनएनआई

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच-प्राण सिद्धांतों और रेल मंत्रालय के विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री गगन गोयल के निर्देशन में आगरा मंडल के ईदगाह आगरा जं. स्टेशन पर अमृत संवाद का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा, यात्री सुविधाओं में सुधार तथा नागरिकों से सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा बी एस चौहान ने यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने रेल प्रशासन द्वारा स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईदगाह जं. स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिक रूप में विकसित किया गया है, जहाँ उन्नत प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, नवनिर्मित प्लेटफार्म शेड, आकर्षक सौंदर्यीकरण, ऊर्जा-संवर्धित प्रकाश व्यवस्था तथा एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल जैसी आधुनिक सुविधाएँ यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं।

यात्रियों और नागरिकों ने स्टेशन एवं ट्रेनों की स्वच्छता, रखरखाव और यात्री सुविधाओं के निरंतर सुधार के संबंध में अपने विचार साझा किए।

इस कार्यक्रम में मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा बी एस चौहान के साथ सहायक वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग संजय गौतम, सहायक वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट संजीव जाटव, डीआरयुसीसी सदस्य कृष्ण कुमार गोयल व राकेश अवस्थी व आम नागरिक मौजूद रहे।

## संपादकीय

# उम्मीदवार नहीं, बड़े नेता के चेहरे पर होता है चुनाव

भारत की वर्तमान राजनीति में नया सिद्धांत यह है कि उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ेगा, बल्कि एक सर्वोच्च नेता चुनाव लड़ेगा और एक दूसरे बड़ा नेता चुनाव की रणनीति बनाएगा।नरेंद्र मोदी की कमान में भाजपा ने इस प्रवृत्ति को एक सिद्धांत में बदला और अब सारी पार्टियां इसे अपना रही हैं। इस सिद्धांत के मुताबिक हर सीट पर उम्मीदवार एक सर्वोच्च नेता के नाम पर वोट मांगेंगे और हर उम्मीदवार के लिए ही एक नेता रणनीति बनाएगा। जैसे भाजपा में लोकसभा चुनाव हो या किसी भी राज्य का विधानसभा चुनाव या स्थानीय निकाय का चुनाव एक नेता नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ा जाता है और एक नेता अमित शाह चुनाव की रणनीति बनाते हैं।राज्य चाहे कोई भी हो, उसकी सामाजिक संरचना चाहे जैसी भी हो, वहां की जनभावना और राजनीतिक मुहावरे चाहे जैसे भी हों, मोदी के नाम पर वोट मांगा जाएगा और कैसे वोट मांगा जाएगा, यह तय करेंगे अमित शाह।इसी तरह कांग्रेस में एक नेता राहुल गांधी, जिनके नाम पर हर राज्य में चुनाव लड़ा जाता है। कांग्रेस जीते या हारे, नाम सिर्फ राहुल गांधी का होगा।पहले भी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों में करिश्माई नेता होते थे और पार्टियां उनके करिश्मे पर चुनाव लड़ती थीं। लेकिन तब भी चुनाव लड़ने और जीतने या हारने वाले नेताओं की अपनी अहमियत होती थी। उनका अपना कद होता था। वे एक सामाजिक समीकरण के साथ साथ एक विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते थे। करिश्माई नेता से अलग हट कर उनका राजनीतिक वजूद होता था। उनकी सामूहिक ताकत पार्टी के करिश्माई नेता को और मजबूत करती थी।भाजपा में भी अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी सबसे बड़े नेता थे लेकिन सभी प्रदेशों में भाजपा के अपने ताकतवर क्षत्रप थे, जिनकी राजनीति अपने दम से चलती थी। अब न कांग्रेस में ऐसा है और न भाजपा में।यह प्रवृत्ति देश की सभी प्रादेशिक पार्टियों में भी गहरे तक बैठ गई है। लालू प्रसाद ने कभी नहीं कहा कि बिहार की सभी 243 सीटों पर वे ही लड़ेंगे, जबकि उनका करिश्मा किसी भी समकालीन नेता से ज्यादा था। लेकिन तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि सभी 243 सीटों पर वे लड़ेंगे। इसमें उनकी अपनी पार्टी की सीटें ज्यादा से ज्यादा 140 होंगी। बाकी सीटें सहयोगी पार्टियों के खाते में जाएंगी। लेकिन तेजस्वी का यह दावा है कि उन सीटों पर भी वे ही लड़ेंगे।हर सीट पर तेजस्वी यादव लड़ेंगे और उनके ह्यचाणक्यह्न संजय यादव हर सीट की रणनीति बनाएंगे। जैसे अमित शाह भाजपा और एनडीए के लिए रणनीति बनाएंगे वैसे ही संजय यादव राजद और ह्यइंडियाह्न ब्लॉक के लिए बनाएंगे। किसी भी सीट पर लड़ रहे उम्मीदवार को कुछ नहीं करना है। उसे क्या बोलना है, किस एजेंडे को एड्रेस करना है, क्या नैरेटिव सेट करना है सभी बातें उसको बताई जाएंगी।हर सीट पर मैं ही लड़ूंगा यह बात पहले के चुनावों में आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल कह चुके हैं तो बिहार में जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान भी कह रहे हैं। प्रशांत किशोर बिहार में बदलाव की यात्रा कर रहे हैं लेकिन वे उम्मीदवारों के नाम नहीं बता रहे हैं। जन सुराज के उम्मीदवार का कोई मतलब नहीं है। जो है प्रशांत किशोर का नाम है। अब अलग अलग जगहों पर अलग अलग मास्क के साथ भीड़ आने लगी है। मैं भी मोदी का मास्क लगा कर सभाओं में भीड़ आती है तो उत्तर प्रदेश में भीड़ अखिलेश यादव के मास्क लगा रही है तो तमिलनाडु में एमके स्टालिन के।संसदीय लोकतंत्र में जन प्रतिनिधि का मतलब स्थानीय स्तर पर आम लोगों का प्रतिनिधि होता है। अगर किसी संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले प्रतिनिधि के चेहरे को गौण कर दिया जाए और प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाए तो फिर जीतने वाले प्रतिनिधि का क्या उत्तरदायित्व जनता के प्रति होगा? क्या ऐसी स्थिति में जनता को उस जीते हुए प्रतिनिधि से कोई शिकायत करने का अधिकार रह जाएगा? अगर उसने उम्मीदवार को नहीं देखा है, उसके गुणदोष को देख कर मतदान नहीं किया है, बल्कि किसी बड़े चेहरे या करिश्माई नेता के नाम और चेहरे पर वोट किया है तो वह अपने स्थानीय प्रतिनिधि से सवाल पूछने का अधिकार नहीं रखता है।यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। इसका एक बड़ा खतरा यह है कि जनता से जुड़ाव रखने वाले मजबूत और सक्षम नेताओं की कमी होती जाएगी और उनकी जगह अक्षम,नाकारा लेकिन नेता के प्रति निष्ठावान नेताओं की जमात बड़ी होती जाएगी।कमजोर जन प्रतिनिधि या खड़ाऊ जन प्रतिनिधि समूचे लोकतंत्र के लिए खतरा होंगे। यह देश को सर्वोच्च नेता की तानाशाही की ओर ले जाएगा।इसका एक बड़ा खतरा यह भी है कि अक्षम नेताओं की वजह से अधिकारी और कर्मचारी ज्यादा ताकतवर होंगे।भारत में संसदीय लोकतंत्र हर क्षेत्र के जन प्रतिनिधि की मजबूती से मजबूत होगा।



करवा चौथ आज

# देशभर के बाजारों में रौनक 25000 करोड़ का होगा कारोबार

करवा चौथ का पर्व न सिर्फ भावनाओं का बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला त्योहार भी बन गया है। यही वजह है कि इस पर्व को खास बनाने के लिए देशभर के व्यापारी पहले से ही तैयारियों में जुट जाते हैं। इस बार आभूषण, कपड़े, कॉस्मेटिक्स, गिफ्ट आइटम, मिठाइयों और सजावटी सहित अन्य सामानों की बिक्री में तेजी दिख रही है।



नवरात्र की शुरूआत के साथ ही त्योहारी सीजन में बाजार ने रफ्तार पकड़ ली है। 10 अक्तूबर यानी शुक्रवार को मनाए जाने वाले करवा चौथ के त्योहार पर भी देशभर के बाजार सज गए हैं। सराफा बाजारों और कपड़े की दुकानों में सबसे ज्यादा रौनक देखी जा रही है।

कारोबारियों का कहना है कि पिछले करवा चौथ के मुकाबले इस बार बाजार में ज्यादा चहल-पहल दिखाई दे रही है। उम्मीद है कि इसका असर कारोबार पर भी दिखने की उम्मीद है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया, करवा चौथ पर देशभर में करीब 25,000 करोड़ रुपये की खरीद-बिक्री की उम्मीद है। पिछली बार करीब 22,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था।

खंडेलवाल ने कहा, करवा चौथ का पर्व न सिर्फ भावनाओं का बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला त्योहार भी बन गया है। यही वजह है कि इस पर्व को खास बनाने के लिए देशभर के व्यापारी पहले से ही तैयारियों में जुट जाते हैं। इस बार आभूषण, कपड़े, कॉस्मेटिक्स, गिफ्ट आइटम, मिठाइयों और सजावटी सहित अन्य सामानों की बिक्री में तेजी दिख रही है।



**सोने पर महंगाई की मार, घटेगी खरीदारी**

सराफा कारोबारियों का कहना है, सोने व चांदी की बढ़ रही कीमतों के कारण आभूषणों की खरीदारी कम होने का अनुमान है। खासकर सोना लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई बना रहा है और इस समय यह 1.26 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास है। चांदी भी 1.63 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। ऐसे में ज्यादातर महिलाएं सोने के एक-दो ग्राम वाले छोटे आभूषण खरीदने की योजना बना रही हैं। सराफा कारोबारियों की मानें तो कीमतों में रिकॉर्ड तेजी से करवा चौथ पर वजन के लिहाज से सोने की बिक्री घट सकती है। हालांकि, मूल्य के लिहाज से बिक्री पिछले साल के मुकाबाले बढ़ने की उम्मीद है।

**दो दिनों से बाजारों में खास उत्साह**

कारोबारियों का कहना है कि पिछले दो दिनों से बाजारों में खरीदारी का उत्साह नजर आ रहा है। कपड़ों और जूलरी से लेकर साज-श्रृंगार के सामान, गिफ्ट आइटम और पूजा के सामानों की जमकर खरीदारी हो रही है। हालांकि, सोने की पूछताछ तो है, पर खरीदी कम है।

**फैंसी व डायमंड जूलरी की सबसे ज्यादा मांग**

इस करवा चौथ की खास बात यह है कि फैसी और डायमंड जूलरी की सबसे ज्यादा मांग है। महिला-पुरुष दोनों से गहनों की खरीद को लेकर पूछताछ बढ़ी है। सराफा कारोबारी बताते हैं कि इस बार ग्राहकों की पसंद में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। भारी गहनों के बजाय अब हल्के वजन और आधुनिक डिजाइन वाले आभूषणों की मांग सबसे ज्यादा है। खासतौर पर डायमंड सेट्स, कान के फैंसी कुंडल, चूड़ियां और पेंडेंट को बिक्री तेज हो गई है।

**दिल्ली में 4,000 करोड़ की खरीद और बिक्री की उम्मीद**

कारोबारियों की मानें तो सिर्फ दिल्ली में करीब 4,000 करोड़ के कारोबार की उम्मीद जताई जा रही है। करवा चौथ पर महिलाएं साज-श्रृंगार के अलावा करवा, छलनी, दीया और फूलबत्ती आदि की भी खरीदारी करती हैं। कांच की लाल चूड़ियां, बिछिया, पायल, लॉकेट और चूड़ा जैसी अलग-अलग प्रकार की करवे की थाली की भी काफी बिक्री होती है। इस बार चांदी से बने करवे भी बाजार में उपलब्ध हैं, जिनकी मांग ज्यादा होने की उम्मीद है।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## हुमा कुरैशी की 'महारानी 4' 7 नवंबर को होगी रिलीज

लोकप्रिय वेब सीरीज 'महारानी' का चौथा सीजन अब जल्द ही दर्शकों के सामने होगा। अभिनेत्री हुमा कुरैशी अभिनीत यह बहुचर्चित राजनीतिक ड्रामा 7 नवंबर 2025 को सोनी लिव पर रिलीज किया जाएगा। निर्देशक पुनीत प्रकाश के निर्देशन में बनी इस सीरीज में हुमा 'रानी भारती' के किरदार में वापसी कर रही हैं। हुमा ने अपने बयान में कहा, रानी भारती का सफर हमेशा चुनौतियों से भरा रहा है। इस बार वह सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि देश की राजनीति के सबसे कठिन मैदान में कदम रखने जा रही हैं। 'महारानी 4' में हुमा कुरैशी के साथ श्वेता बसु प्रसाद, विपिन शर्मा, अमित सियाल, विनीत कुमार, और अन्य कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सीरीज कांगड़ा टॉकीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित है और निमार्ता हैं सुभाष कपूर।



## अक्षय बढ़ायेंगे 70वें फिल्म फेयर अवार्ड्स की शोभा

70वें फिल्मफेयर अवार्ड्स 2025 का आयोजन 11 अक्तूबर को गुजरात के अहमदाबाद में होने वाला है। इस ऐतिहासिक समारोह में भारतीय सिनेमा के कई सितारे मौजूद रहेंगे। सितारों से सजे इस कार्यक्रम में अक्षय कुमार भी एक धमाकेदार प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने पर अक्षय कुमार ने कहा फिल्मफेयर ने मुझे हर तरह से सम्मानित किया है। मैंने खलनायक, हास्य अभिनेता और कई अन्य भूमिकाओं के लिए पुरस्कार जीते हैं। द ब्लैक लेडी मेरे करियर की गवाह रही है। एक-एक भूमिका के साथ और फिल्मफेयर के 70वें वर्ष में मंच पर प्रस्तुति देना अद्भुत है। पुरस्कार समारोह में मेरी परफॉर्मेंस के लिए तैयार हो जाइए! इससे पहले खबर आई थी कि शाहरुख खान फिल्मफेयर अवॉर्ड होस्ट करते हुए नजर आएंगे। कार्यक्रम की मेजबानी करने को लेकर शाहरुख खान ने कहा था पहली बार जब मैंने ब्लैक लेडी को अपने हाथों में लिया था, तब से लेकर इतने वर्षों में अपने साथियों और फैंस के साथ अनगिनत यादें साझा की हैं। यह प्यार, सिनेमा और जादू का एक सफर रहा है। 70वें साल सह-मेजबान के रूप में वापसी करना वाकई खास है। मैं वादा करता हूं कि हम इसे एक यादगार रात बनाएंगे। यह हंसी, पुरानी यादों और उन फिल्मों के जश्न से भरपूर होगी, जिन्हें हम सभी पसंद करते हैं। शाहरुख खान के साथ करण जौहर और मनीष पॉल भी फिल्मफेयर अवॉर्ड होस्ट करेंगे। इस पर करण जौहर ने कहा फिल्मफेयर महज एक पुरस्कार नहीं है, यह एक विरासत है जिसने भारतीय सिनेमा की कहानी को आकार दिया है। 2000 से, मैंने लगभग हर फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया है और कई की मेजबानी भी की है। जैसा कि हम 70 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं, मुझे सह-मेजबानी करने में वाकई खुशी हो रही है। इस बार का कार्यक्रम सबसे यादगार होगा।





## शाहरुख खान शूटिंग के दौरान घायल, हेलीकॉप्टर से बाल-बाल बचे


बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान एक बार फिर शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा उनकी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग के दौरान हुआ, जब वह एक सीन के लिए हेलीकॉप्टर के पास खड़े थे और अचानक संतुलन बिगड़ने से जमीन पर गिर पड़े। इस दौरान हेलीकॉप्टर बेहद करीब से गुजरा, लेकिन सौभाग्य से शाहरुख किसी बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गए। शाहरुख खान के लिए यह पहला मौका नहीं है जब वह सेट पर घायल हुए हों। 33 वर्षों के अपने फिल्मी करियर में उन्होंने कई बार जानलेवा स्टंट किए हैं और कई बार गंभीर रूप से चोटिल भी हुए हैं। 1997 में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान भी वह घायल हो चुके हैं। फि ल्म 'कोयला' की शूटिंग के दौरान उनकी तीन पसलियाँ टूट गई थीं, और एक अन्य सीन में वह आग की लपटों से घिर गए थे। शाहरुख खान आखिरी बार 2023 में फिल्म 'डंकी' में नजर आए थे। अब उनकी अगली फिल्म 'किंग' 2026 में रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में उनकी बेटी सुहाना खान भी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगी।

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



### भारत बनाम वेस्टइंडीज दूसरा टैस्ट

# यशस्वी-सुदर्शन के बीच शतकीय साझेदारी, राहुल 38 रन बनाकर आउट





**नई दिल्ली।** यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट करियर का 12वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट के लिए 50+ रन की साझेदारी भी कर ली है। सुदर्शन 46 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत ने एक विकेट गंवाकर 117 रन भी बना लिए हैं। केएल राहुल 38 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल 38 रन बनाकर जोमेल वारिकन का शिकार बने। वारिकन ने उन्हें विकेटकीपर इमलाक के हाथों स्टंप आउट कराया। 58 के स्कोर पर भारत को पहला झटका लगा। जोमेल वारिकन ने केएल राहुल को विकेटकीपर इमलाक के हाथों स्टंप आउट कराया। वह 38 रन बना सके। फिलहाल यशस्वी 80 रन बनाकर क्रीज पर हैं। उनका साथ देने साई सुदर्शन आए हैं।

# धोनी ने मदुरै में किया क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन




**मदुरै।** पूर्व भारतीय कप्तान एम एस धोनी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन करने मदुरै शहर पहुंचे तो प्रशंसक उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर उमड़ पड़े। इसका वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं। धोनी को तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के सहयोग से वेलाम्मल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा विकसित स्टेडियम तक ले जाया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 325 करोड़ रुपये की लागत से बना यह स्टेडियम मदुरै में चिंतामणि रिंग रोड पर वेलाम्मल अस्पताल के पास 11.5 एकड़ में फैला है और इसमें 7,300 लोगों के बैठने की क्षमता है। चेन्नई सुपर किंग्स में थाला के रूप में जाने जाने वाले धोनी ने भारत के लिए 98 टी20 खेले, जिसमें 126.13 के स्ट्राइक रेट से 37.60 की औसत से 1,617 रन बनाए। उनके नाम इस प्रारूप में दो अर्धशतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 56 रन है। टेस्ट की बात करें तो धोनी ने 90 मैच खेले, जिसमें 38.09 की औसत से 4,876 रन बनाए। उन्होंने 224 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ छह शतक और 33 अर्धशतक बनाए। वह टेस्ट में भारत के लिए 14वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। एक कप्तान के रूप में उन्होंने 60 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें से उन्होंने 27 मैच जीते, 18 हारे और 15 ड्रॉ रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने रोका भारत का विजय रथ



**विशाखापत्तनम।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीन विकेट हरा दिया। गुरुवार को महिला विश्व कप का रोमांचक मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला गया जिसमें भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋचा घोष की 94 रनों की पारी की बदौलत 49.5 ओवर में 10 विकेट पर 251 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 48.5 ओवर में सात विकेट खोकर 252 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए कप्तान लाउरा वोलवार्ड्ट ने 70 और नादिन डी क्लार्क ने नाबाद 84 रन बनाए। भारत के लिए क्रांति गौड़ और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट लिए जबकि अमनजोत कौर, श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट झटके।

### अप्सा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक फिएस्टा 2025

# प्रिल्यूड में जोश व उत्साह के साथ हुआ ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन




एनएनआई

**आगरा।** एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ आगरा (अप्सा) सदैव ही विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने में अग्रणी रहती है। प्रत्येक वर्ष अप्सा के द्वारा वार्षिक साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल फिएस्टा का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में बालक व बालिका वर्ग की ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 8 व 9 अक्टूबर, 2025 को प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में किया गया। इस प्रकार इस वर्ष अप्सा फिएस्टा के अंतर्गत ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 28 स्वर्ण, 29 रजत व 56 कांस्य पदक अर्थात कुल 113 पदक प्रदान किए गए। विद्यालय के निदेशक व अप्साध्यक्ष डॉ.सुशील ने सभी बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी भी खेल में अपने कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करना चाहिए क्योंकि जीतने के लिए सिर्फ तकनीक ही नहीं, बल्कि हौसला और जुनून भी जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष फिएस्टा के अंतर्गत अप्सा 2500 से 3000 पुरस्कार व पदक प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा इशिता सिंह व गौरांगी गर्ग ने अत्यंत आकर्षक रूप से किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. रश्मि गांधी, नरेंद्र कुशवाह, अभि सिरोही, काजल वासुदेवा, रिषभ गौतम व अन्य खेल प्रशिक्षकों का योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. सुशील गुप्ता, त्रिलोक सिंह राणा, डॉ. गिरधर शर्मा, डॉ. देवव्रत शर्मा, कर्नल अपूर्व त्यागी, प्रवीण बंसल, नीरज अग्रवाल, प्रद्युम्न चतुर्वेदी, राजन गोयल, रवि नारंग, अभिषेक गर्ग, भूप सिंह इंदौलिया, सुनीता गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, रूपेश श्रीवास्तव, प्रदीप चाहर, लोकपाल सिंह, प्रांजल शर्मा, शिवांजल शर्मा, राजेंद्र सचदेवा, डॉ. अभिषेक कुमार गुप्ता, सुमित उपाध्याय, विशाल मालन, आर.एन.चौहान, श्रेयांश अग्रवाल, डॉ. जी.एस. राणा व सुमित गुप्ता की सराहनीय उपस्थिति रही।

### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

**कनिष्ठ वर्ग(बालक)**

सेंट एंड्रयूज स्कूल, बरौली अहीर (प्रथम)
ऑल सेंट्स जूनियर हाईस्कूल (द्वितीय)
गायत्री पब्लिक स्कूल (यूनिट-II) (तृतीय)

**वरिष्ठ वर्ग (बालक)**

गायत्री पब्लिक स्कूल (यूनिट-II) (प्रथम)
सेंट सी एफ एंड्रयूज स्कूल (द्वितीय)
इंडियन एरा स्कूल (तृतीय)

**कनिष्ठ वर्ग (बालिका)**

सेंट एंड्रयूज स्कूल, बरौली अहीर (प्रथम)
ऑल सेंट्स जूनियर हाईस्कूल (प्रथम)
गायत्री पब्लिक स्कूल (यूनिट-II) (द्वितीय)
कर्नल ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल (तृतीय)
ऑल सेंट्स स्कूल, कहरई (तृतीय)

**वरिष्ठ वर्ग (बालिका)**

सेंट एंड्रयूज स्कूल, बरौली अहीर (प्रथम)
गायत्री पब्लिक स्कूल (यूनिट-II) (द्वितीय)
ऑल सेंट्स स्कूल, कहरई (तृतीय)

# शुक्रवार, 10 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में अधिक सजग रहने की जरूरत है। अधिकारीगण आपके किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। कामकाज में आज सतर्कता जरूरी है।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन कारोबार व्यापार के लिए अच्छा रहेगा। आप आज किसी अपरिचित व्यक्ति से सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। आपको आज सेहत के मामले में अपना ध्यान रखना होगा। नौकरी में आज आपको किसी अधिकारी की वजह से तनाव मिल सकता है।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन नौकरी कारोबार के मामले में अनुकूल रहेगा। आपको आज एक साथ कई मोर्चे पर काम करना होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों और कार्यक्षेत्र के काम के बीच आपको संतुलन बनाकर रखना होगा।

आज का दिन कर्क राशि के जातको के लिए अच्छा है। आज आपका सामाजिक दायरा बढेगा। आपको आज किसी सगे संबंधियों से मिलने का मौका मिलेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ सुखद समय बिताएंगे। धन वृद्धि के लिए जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद साबित होगी।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज किसी अनजाने व्यक्ति की मदद लेने से पहले अच्छे से विचार कर लेना चाहिए नहीं तो नुकसान हो सकता है। वैसे आज व्यापार के लिए की गई यात्रा बहुत ही लाभदायक रहेगी।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा। आज आप अपने बच्चों के भविष्य के लिए जीवनसाथी के साथ कुछ विचार कर सकते हैं। आज आपको घर के बड़ो से भी सहयोग प्राप्त होगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभ और सम्मान बढाने वाला रहेगा। आपको आज मान प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। आज की शाम आप अपने परिजनों के साथ बिताएंगे, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए आप खूब मेहनत करेंगे, कामयाबी भी मिलेगी।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके सितारे बता रहे हैं कि आज का दिन आपके लिए खचीला रह सकता है। वैसे आज आपको ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। नौकरी में आज आपको कुछ शुभ अवसर मिल सकते हैं।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको आज आर्थिक लाभ का मौका मिलेगा। बिजनेस में आपकी कमाई में वृद्धि होगी। यात्रा का संयोग बनेगा और वाहन एवं यात्रा पर खर्च का योग भी बना हुआ है। घर के बड़ों से आपको सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त होगा।

मकर राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज अचानक से आपका रुका हुआ धन मिल सकता है। आपकी राशि से आज पंचम भाव में चंद्रमा का गोचर करना आपकी लव लाइफ के लिए भी शुभ रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन सुखद और आनंददायक होगा।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज शुक्रवार का दिन लाभदायक रहेगा। आज ग्रहों की शुभ स्थिति का आपको लाभ मिल पाएगा। आज आप अपने जीवनसाथी के लिए कोई उपहार खरीद सकते हैं। आपके वैवाहिक जीवन में कोई तनाव चल रहा है तो वह दूर हो सकता है।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो आज उसमें आपको उत्तम सफलता मिलेगी। आज किसी विशेष उपलब्धि से आपका मन प्रसन्न रहेगा। बिजनेस में आज आपकी कमाई बढेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# सेंट एंड्रूज प्रीमियर स्कूल में हुआ अप्सा अंग्रेजी वाग्मिता




एनएनआई

**आगरा।** एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ आगरा (अप्सा) के तत्वावधान में ह्यअंग्रेजी वाग्मिताह्ण प्रतियोगिता सेंट एंड्रूज प्रीमियर स्कूल, ताज नगरी में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विषय "प्रसिद्ध व्यक्तियों द्वारा लिखे गए पत्र" पर विभिन्न प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियाँ देकर अपनी वाक्पटुता, शब्द संकलन तथा प्रभावशीलता का परिचय दिया।

डॉ एसके चौहान, डॉ आरएस तिवारी ह्यशिखरेशह्ण व डॉ प्रमिला चावला ने निर्णायकों की अहम भूमिका का निर्वहन किया। स्कूल के एमडी शिवांजल शर्मा, प्राचार्या इंदुवाला त्रिखा, संयोजिका अमृत गिल, उप -प्राचार्या सुरीती माथुर सहित माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का रोचक मंच संचालन विद्यालय की छात्राओं सिद्राह, मंशा, दिया और अविका ने कुशलता पूर्वक किया। छात्राएं आध्या, ताशवी, अभिरा ने निर्णायक मंडल को बैच व पौधे देकर सम्मानित किया। विद्यालय की शिक्षिका वसुंधरा ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। इस प्रतियोगिता में 17 स्कूलों के विद्यार्थियो ने भाग लिया जिसमें निम्न प्रतिभागी विजेता रहे।

प्रथम स्थान - ह्रदयेश बंदित (गायत्री पब्लिक स्कूल यूनिट 1), द्वितीय स्थान - अराध्या उपमन्यु (सेंट थॉमस स्कूल सुनरई), तृतीय स्थान - अशफिया फातिमा (देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल), सांत्वना पुरस्कार - (प्रथम)- पार्थवी मोहंती (क्रिमसन वर्ल्ड स्कूल), जीविका लखमनी (आगरा पब्लिक स्कूल), (द्वितीय)-जाह्नवी यादव ऑल सेंट जूनियर हाई स्कूल) को दिया गया।

अप्सा में आए निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उत्साह को बढ़ाया। विद्यालय के एमडी शिवांजल शर्मा ने निर्णायक मंडल एवं सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अनुशासन गठन समिति और शिक्षक गण मनोज अर्चना, ज्योति, नेहा, दीपिका, शालिनी, जितेंद्र, आरती, उर्वशी, शिवम, दीक्षा, रिया, मनीषा, पारुल, निशा, ओवेश, आत्रा, नीलम, अनमोल आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# संगीत के मधुर सुरों से गूंज उठा ऑल सेंट्स स्कूल




एनएनआई

**आगरा।** ऑल सेंट्स स्कूल में एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ आगरा (अप्सा) के तहत ज्ञान और शिक्षा पर आधारित अंतर विद्यालयी समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का हृदय जीत लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया जिसे अप्सा के डॉ .सुशील गुप्ता, गिरधर शर्मा, अनिकेत शर्मा, डॉ. देवरत सारस्वत, मनीष गुप्ता, रवी नारंग, भूप सिंह इंदौलिया, प्रदीप चाहर, लोकपाल सिंह, प्रांजल शर्मा, पुलिकित सचदेवा, विनय गुप्ता, प्रवीण बंसल, विशाल मलान, डॉ. जीएस राणा, त्रिलोक सिंह राणा, युवराज सिंह राणा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया इस अवसर पर अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में अप्सा प्रेसिडेंट सुशील गुप्ता ने कहा कि संगीत आत्मा की वह अभिव्यक्ति है जो शब्दों से परे है। जज के रूप में शुभाशीष गांगोली (संगीत प्रवीण तबला प्रतिपादन ऑल इंडिया रेडियो, आगरा), डॉ. ईश्वर सिंह खिंची (डिपार्टमेंट ऑफ म्यूजिक फैकल्टी ऑफ आर्ट्स दयालबाग एजुकेशनल इंस्टिट्यूट, आगरा), डॉ.कविता शर्मा (ऐस म्यूजिक मेंटोर आर्टिस्ट और स्टेज परफॉर्मर ऑल इंडिया रेडियो, आगरा) ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन सुर, ताल, भाव और मंच प्रस्तुति के आधार पर किया। बच्चों के असाधारण प्रयासों की भी सराहना की।

### प्रतियोगिता का परिणाम इस तरह रहा

**प्रथम स्थान :** गायत्री पब्लिक स्कूल एवं सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल कमला नगर
**द्वितीय स्थान :** कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल
**तृतीय स्थान :** प्रील्यूड पब्लिक स्कूल
**प्रथम सांत्वना :** सेंट सी.एफ. एंड्रयूज हाथरस रोड
**द्वितीय सांत्वना :** ग्लोबल आगरा कान्वेंट स्कूल

# आत्मनिर्भर विकसित भारत कार्यशाला में स्वदेशी का संकल्प




एनएनआई

**आगरा।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा दक्षिण विधानसभा का व्यापारी सम्मेलन होटल मार्क रॉयल नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी पुलिस लाइन रोड पर आयोजित हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथि मथुरा के पूर्व महापौर मुकेश आर्य बंधु , कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, व्यापारी नेता टीएन अग्रवाल, पूर्व मंत्री डॉ रामबाबू हरित ने भारत माता , भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री डॉ रामबाबू हरित ने की। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूरगामी सोच के साथ 2047 तक विकसित राष्ट्र का सपना देखा है।

उन्होंने कहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए एक प्रेरणा है। जब हर घर में स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल होगा और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, तभी हमारा देश सच्चाई में आत्मनिर्भर बन पाएगा। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि हमारी छोटी-छोटी कोशिशें भी राष्ट्रीय शक्ति और आर्थिक स्वतंत्रता की बड़ी नींव रख सकती हैं। कार्यशाला में दिए गए संदेश, 'लोकल से ग्लोबल' और 'घर-घर स्वदेशी', हर नागरिक के लिए एक चुनौती और अवसर दोनों हैं। यदि हम सब मिलकर इस संकल्प को अपनाएं, तो भारत का हर गली, हर मोहल्ला, हर शहर और हर घर वास्तव में आत्मनिर्भर और उज्जवल बन सकता है। कार्यक्रम के अतिथि मुकेश आर्य बंधु ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। व्यापारी नेता टीएन अग्रवाल ने कहा कि त्योहार से पहले जीएसटी में बदलाव करके आम उपभोक्ताओं के साथ व्यापारियों के हित में निर्णय लिया है अब व्यापारियों को स्वदेशी के संकल्प को अपनाना है।

### लोकल से ग्लोबल की सोच

पूर्व मंत्री डॉ रामबाबू हरित ने कहा प्रधानमंत्री की सोच लोकल से ग्लोबल तक की है।अगर हर भारतीय अपने घर में स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करने लगे, तो यह न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि हमारे कारीगरों, उद्यमियों और युवाओं को नई उड़ान देगा।

### इनकी रही मौजूदगी

आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मथुरा के पूर्व महापौर मुकेश आर्य बंधु, पूर्व मंत्री रामबाबू हरित, टीएन अग्रवाल, दीपक खरे, हेमंत भोजवानी, नीरज गुप्ता, डा पार्थ सारथी शर्मा, निर्मला दीक्षित, धीरज जैन, आदेश सिंगल, देवेश पचौरी, राजू कुशवाहा, विपुल मित्तल, धीरज कोहली,राजेश प्रजापति, सुनील करमचंदानी सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा नेताओं ने कांशीराम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**आगरा (एनएनआई)।** श्री काशीराम की पुण्यतिथि के अवसर पर समाजवादी पार्टी के आगरा दक्षिण विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विनय अग्रवाल द्वारा गोष्ठी का आयोजन चांदी वाली बगीची, मदिया कटरा, आगरा पर किया गया। सभी ने उनके चित्र पर माला अर्पण किया और उनके किए हुए कार्यों की प्रशंसा की। विनय अग्रवाल ने बताया कि काशीराम जी ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के मिशन को आगे बढ़ाते हुए दलित शोषित पिछड़े लोगों के लिए कार्य किया।




अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पीडीए के तहत पीड़ित, दुखी, असहाय के लिए लड़ाई लड़ी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर पिछड़ा दलित आर्थिक रूप से कमजोर अल्पसंख्यक सभी को न्याय दिलाएंगे। इस अवसर पर सपा व्यापार सभा के अध्यक्ष सोमेश गुप्ता, अजय अग्रवाल, विशाल माहौर, भोला, बृज किशोर अग्रवाल, हरिओम, सलमान, विनोद अग्रवाल, नीरज अग्रवाल आदि थे।

# जनहित में जुड़े कार्य करेंगे रोटरी क्लब आफ आगरा डिवाइन के सदस्य

एनएनआई

**आगरा।** रोटरी क्लब ऑफ आगरा डिवाइन की ओर से चार्टर इंस्टालेशन समारोह और दीपावली मीट का आयोजन होटल लेमन ट्री में किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ आगरा डिवाइन के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर जनहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। वहीं दूसरी ओर क्लब द्वारा अपने दो प्रोजेक्ट भी लॉन्च किए गए।




समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीडीजी शरत चंद्रा, विशिष्ट अतिथि सीपीडीजी नीरव निवेश अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. अनुपम गुप्ता, सचिव डॉ. मुकेश चौहान, क्लर्क ट्रेनर थान सिंह और असिस्टेंट गवर्नर दीपा रावत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा क्लोरेट समारोह में अध्यक्ष डॉ. अनुपम गुप्ता और सचिव डॉ. मुकेश चौहान को इंटरनेशनल रोटरी का स्पेशल क्लोरेट पहनाकर सम्मानित किया गया।

सचिव डॉक्टर मुकेश चौहान द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके बाद रोटरी क्लब ऑफ आगरा डिवाइन की कार्यकारिणी के 20 सदस्यों ने शपथ ली। इस दौरान क्लब द्वारा अपने दो नए प्रोजेक्ट लॉन्च किए गए, जिसमें नेशनल प्रोजेक्ट क्लब के सचिव डॉ मुकेश चौहान द्वारा राम वन गमन पथ राइड की जाएगी जो 20 हजार किलोमीटर और 50 दिन में पूरी होगी। दूसरे प्रोजेक्ट के अंतर्गत रोटरी डिस्ट्रिक्ट में पर्यावरण संरक्षण के कार्य किए जाएंगे।

अध्यक्ष डॉ अनुपम गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए क्लब द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों और वर्षभर किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर दीपावली मीट में सभी सदस्यों ने एक दूसरे को आगामी दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। समारोह में डॉ. अरुण अग्रवाल, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, डॉ अमोद शंकर, डॉक्टर समीक्षा गुप्ता, नवीन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता, डॉक्टर बीएस चौहान, डॉक्टर सुमन चौहान, अमित अग्रवाल, समक्ष जैन, अमित गोयल, निधि गोयल, दीपेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, काव्या बजाज, नीरज गुप्ता, प्रदीप शर्मा, सीपी गुप्ता डॉ अभिषेक पाठक, चेतन राघव आदि मौजूद रहे।